**10.04.2025** **आकाशवाणी मध्यप्रदेश** **7.10PM**

## प्रादेशिक समाचार

### मुख्य समाचार

**1-** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रदेश दौरे पर, अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में होंगे शामिल।

**2-** मध्यप्रदेश में 5 ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर बनेंगे, कहा केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने।

**3-** भगवान महावीर की जयंती पर प्रदेश में भी हुआ अनेक कार्यक्रमों का आयोजन।

**4-** प्रदेश में गर्मी के तेवर के साथ कुछ जिलों में ओलावृष्टि और बारिश की भी संभावना।

प्रधानमंत्री – दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल प्रदेश के दौरे पर रहेंगे। वे अशोकनगर जिले के आनंदपुर धाम में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में भाग लेंगे और इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करेंगे। आनंदपुर धाम की स्थापना आध्यात्मिक और परोपकारी उद्देश्यों के लिए की गई है। वे ईसागढ़ में गुरु जी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा करेंगे। इसके पूर्व श्री मोदी वाराणसी जाएंगे और तीन हजार 880 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे।

सड़क–गडकरी

केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज धार जिले के बदनावर में 1 हजार 352 करोड़ लागत से बदनावर–उज्जैन फोरलेन का लोकार्पण किया। इस फोरलेन का निर्माण भारत माला परियोजना के तहत किया गया है। श्री गडकरी ने कार्यक्रम में कुल 5 हजार 800 करोड़ की 328 किलोमीटर लंबी 10 सड़क परियोजनाओं का भूमिपूजन भी किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ की लागत से 5 ग्रीनफील्ड इकोनॉमिक कॉरिडोर बनेंगे। श्री गडकरी ने बताया कि हम मध्यप्रदेश में सालभर में 3 लाख करोड़ रुपए के बुनियादी ढांचे के निर्माण का काम पूरा करके देंगे। उन्होंने कहा कि इंडस्ट्री आएगी, इंडस्ट्रियल क्लस्टर बनेंगे और गोडाउन बनेंगे तो लोगों को रोजगार मिलेगा ।
बाइट– नितिन गडकरी, केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
इस अवसर पर मुख्यमंत्री डा. मोहन यादव ने कहा कि सड़क कनेक्टिविटी केवल रास्तों को जोड़ने का काम नहीं कर रही, बल्कि यह लोगों की जिंदगी बदल रही है।

केंद्र – पीएम पोषण

केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण–पीएम पोषण योजना के अंतर्गत सामग्री लागत में नौ दशमलव पांच–शून्य प्रतिशत की वृद्धि की है। यह योजना केंद्र प्रायोजित है। इसके अंतर्गत सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में बालवाटिका तथा पहली से आठवीं तक पढ़ने वाले ग्यारह करोड़ से अधिक विद्यार्थियों को गर्म पका हुआ भोजन परोसा जाता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि नई दरें पहली मई से सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में लागू होंगी।

इस वृद्धि के कारण केंद्र सरकार पर वर्ष 2025–26 में 954 करोड़ रुपये की अतिरिक्त लागत आएगी।

## सर्वोच्च न्यायालय – वक्फ याचिकाएं

सर्वोच्च न्यायालय 16 अप्रैल को वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति संजय कुमार तथा न्यायमूर्ति के.वी. विश्वनाथन की पीठ इस मामले की सुनवाई करेगी। वक्फ संशोधन अधिनियम, 2025 मंगलवार से प्रभावी हो गया था। सरकार ने इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी है।

## महावीर जयंती

24वें और अंतिम जैन तीर्थंकर भगवान महावीर जयंती आज देशभर में मनाई जा रही है । इस अवसर पर देश भर में शोभा यात्राएं निकाली गई। वहीं इस अवसर पर प्रदेश में भी अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महावीर जयंती पर प्रदेश के नागरिकों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान महावीर ने तत्कालीन समाज को मानवता, अहिंसा और सद्भावना का संदेश दिया जो आज भी प्रासंगिक है। राज्य के भोपाल,डिंडोरी,नीमच,छतरपुर,देवास सहित अन्य जिलों से भी भगवान महावीर जयंती मनाये जाने के समाचार मिले हैं।

## जल संसाधन दिवस

आज जल संसाधन दिवस है । इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दीं हैं। सोशल मीडिया 'एक्स' पर जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जल केवल जीवन जीने का संसाधन नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति में यह एक संस्कार की तरह है। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को जल बचाने के लिए जागरूक रहने और समाज को प्रेरित करने का संदेश दिया।

## जल गंगा जल संवर्धन अभियान

प्रदेश में जल प्रबंधन और वर्षा जल संचयन की जन जागरुकता के लिए जल गंगा जल संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इसी के तहत राजगढ़ जिले में आज जिला मुख्यालय पर राजमहल परिसर में स्थित बावड़ी की श्रमदान से सफाई का आयोजन किया गया। सीहोर जिले में अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए दीवार लेखन, जागरूकता रैली, पोस्टर बैनर, ग्राम सभाएं सहित अनेकों गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। खंडवा जिले में जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में जागरूकता के लिए ग्रामीणों को जल का महत्व बताया जा रहा है ।पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने गुना जिले के ग्राम कंजा में स्थित कूनो नदी के उद्गम स्थल पर 'जल गंगा संवर्धन अभियान' में सहभागिता करते हुए कलश पूजन कर जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।

## होम्योपैथी दिवस

आज दुनिया भर में विश्व होम्योपैथी दिवस मनाया जा रहा है। होम्योपैथी दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी चिकित्सा प्रणाली है। यह स्वास्थ्य सेवा के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करती है, जो दुनिया भर में लाखों लोगों को अपनी प्राकृतिक पद्धतियों के लिए आकर्षित करती है। आयुष मंत्रालय के अनुसार, देश में 10 करोड़ से अधिक लोग अपनी स्वास्थ्य आवश्यकताओं के लिए होम्योपैथी पर भरोसा करते हैं।

## गेहूं उपार्जन

प्रदेश में समर्थन मूल्य पर गेहूं का उपार्जन 5 मई तक किया जायेगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविन्द सिंह राजपूत ने बताया कि किसानों को गेहूं के लिए 2 हजार 425 रुपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य के साथ 175 रुपये प्रति क्विंटल बोनस, यानि 2 हजार 600 प्रति क्विंटल का भुगतान किया जा रहा है। श्री राजपूत ने बताया कि प्रदेश में 3, हजार 528 उपार्जन केंद्रों की स्थापना की गई है। अब तक कुल 3 लाख से अधिक किसानों से 26.73 लाख मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन किया गया है।

## मौसम

प्रदेश में मौसम के दो रंग देखने को मिल रहे हैं। कहीं गर्मी का कहर तो कहीं–कहीं बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने बताया कि अभी पश्चिमी विछोभ चक्रवाती परिसंचरण और ट्रफ सक्रिय है। इस वजह से प्रदेश में गर्मी के तेवर के साथ ओलावृष्टि और बारिश की संभावना है। अगले तीन दिन तक ऐसा ही मौसम बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार इस दौरान कुछ जिलों में लू चलेगी, तो वहीं दूसरी ओर श्योपुर, मुरैना, भिंड, दतिया, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, सतना, रीवा, सीधी, मऊगंज, सिंगरौली, शहडोल, अनूपपुर, डिंडौरी, मंडला और बालाघाट में गरज–चमक की स्थिति रहेगी। कहीं–कहीं बारिश और ओले भी गिर सकते हैं।

## समाचार संक्षेप में ....

- डिंडोरी में कलेक्टर ने आज प्रेसवार्ता की। इसमें जिले के विकास कार्यों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई।
- सीहोर जिले में जिला खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा आगामी एक मई 2025 से स्मार्ट पीडीएस लागू किया जाएगा। स्मार्ट पीडीएस के सभी पात्र हितग्राहियों की ई–केवाईसी 30 अप्रैल तक कराई जाएगी।
- देवास जिले में "जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है।
- मध्य प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी ने खंडवा के जुलवानिया में 500 एम व्ही ए क्षमता का पावर ट्रांसफार्मर स्थापित किया है।
- नर्मदापुरम–पिपरिया स्टेट हाईवे पर माखननगर स्थित काली मंदिर के पास सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।
- आगरमालवा जिले में अत्यधिक गर्मी को ध्यान में रखते हुये सभी विद्यालयों का समय सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक नियत किया है।